पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway

महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

जबलपुर से बांद्रा टर्मिनस के मध्य साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन में तीन वातानुकूलित स्थाई कोच बढ़ाए

तीन कोच लगने से वातानुकूलित श्रेणी की 128 बर्थ की अतिरिक्त सुविधा मिलेगी

जबलपुर 12 जनवरी। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधाओं के लिए अतिरिक्त कोच स्थाई/अस्थाई रूप से लगाए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में **जबलपुर–बांद्रा टर्मिनस–जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के तीन कोच स्थायी रूप से** लगाने का निर्णय लिया गया है। इस कोच के लगने से **पमरे के जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, होशंगाबाद, भोपाल एवं संत हिरदराम नगर** के यात्रियों को भी वातानुकूलित श्रेणियों की अतिरिक्त सुविधा मिलने लगेगी।

गाड़ी संख्या 02134 जबलपुर से बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन में प्रत्येक शुक्रवार को अपने प्रस्थान स्टेशन जबलपुर से दिनांक 24.02.2023 से तथा **गाड़ी संख्या 02133 बांद्रा टर्मिनस से जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन में प्रत्येक शनिवार को अपने प्रस्थान स्टेशन बांद्रा टर्मिनस से दिनांक 25.02.2023** से 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी एवं 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के तीन कोच स्थाई रूप से लगांए जाएंगे। इन वातानुकूलित श्रेणियों के तीन कोच बढ़ जाने से **वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 18 सीट, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 46 सीट एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 64 सीट सहित कुल 128 सीट/बर्थ** की अतिरिक्त सुविधा मिलने लगेगी।

कोच कंपोजीशन– वातानुकूलित श्रेणियों के तीन कोच बढ़ जाने से यह **गाड़ी 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी,** 11 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित 24 कोचों के साथ चलेगी।

रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि यात्रा के दौरान कोरोना के संभावित नए वेरिएंट को देखते हुए कोविड–19 से संबंधित सभी दिशा–निर्देशों का पालन करें।

संख्याः पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/660/2023 दिनांक 12.01.2023

सम्माननीय संपादक

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग करें.

'सधन्यवाद

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर